रोहतक
मंगलवार 24 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी/अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 21
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 31.1
न्यून. 9.4

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का 71 वर्ष की उम्र में निधन

**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और कभी तृणमूल कांग्रेस में ममता



बनर्जी के बाद नंबर दो नेता माने जाने वाले मुकुल रॉय का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 71 वर्षीय रॉय को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां तड़के करीब 1.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रात कार्डियक अरेस्ट से उनकी मौत हो गई। *एजेंसी*

### मेक्सिको में सेना ने सबसे बड़े ड्रग माफिया को मारा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। *एजेंसी*

## बजट सत्र : आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले को लेकर विपक्ष का हंगामा

# सरकार का एक-एक पैसा सुरक्षित दोषियों पर होगी कार्रवाई : सीएम

### एसीबी और विजिलेंस को सौंपी जांच, बैंक दोषी हुआ तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी

योगेन्द्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में जमा सरकार के विभागों के 590 करोड़ की राशि को लेकर सवाल खड़े किए और जिम्मेदार अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी। इस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन को आश्वासन दिया कि बैंक ने अपने अफसरों के विरुद्ध एक्शन लिया है, सरकार का एक एक पैसा सुरक्षित है। नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने एसीबी (विजिलेंस ब्यूरो) को मामले में जांच के आदेश दिए है। सीएम नायब सैनी ने कहा कि सरकार अलग अलग बैंकों में पैसा रखती है। जिस बैंक में ये मामला आया है उस बैंक में चार विभागों के खाते थे। हमने इस पूरे मामले के हर फैक्ट्स पर हम जांच करा रहे हैं। जब ये मामला सामने आया तो सरकार की ओर से तुरंत ही इस बैंक से सारा पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ट्रांसफर कर दिया गया है। इस मामले में सेबी को भी लेटर लिखा गया है। सरकार इस मामले को पूरी गंभीरता से ले रहे हैं। इस मामले में कोई भी शामिल होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। *(पेज 2 भी देखें)*

**590 करोड़ का घोटाला**

**विपक्ष ने दागे सवाल, सीएम ने दिया जवाब**

**सैनी बोले, जिस बैंक में मामला आया वहां चार विभागों के खाते थे**

•

**सारा पैसा तुरंत ही राष्ट्रीयकृत बैंक में ट्रांसफर किया गया**

•

**अब राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ में ही होगा विभागों का लेनदेन व वित्तीय कामकाज**



### विपक्ष ने पूछा-कौन-कौन अफसर हैं शामिल

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक व यूए स्माल फाइनेंस बैंक में हुए घोटाले का मामला भी सदन में उठाया गया। सदस्यों ने सरकार से जवाब मांगा और कहा कि सरकार के किस विभाग का पैसा था ? इसमें कौन-कौन अफसर शामिल थे 590 करोड़ की राशि को लेकर जब हंगामा व शोरगुल हुआ, तो मुख्यमंत्री नाय सिंह सैनी ने हालात स्पष्ट किए कि 18 फरवरी को ही साफ कर दिया गया था कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ में ही विभागों का लेनदेन और वित्तीय कामकाज किया जाए। सीएम सैनी ने कहा कि आम नागरिकों के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। यदि बैंक अधिकारियों या अन्य संबंधित पक्षों की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### सरकार अलग-अलग बैंकों में रखती है पैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अलग-अलग बैंकों मे पैसा रखती है। कई विभागों का पैसा भी रखा हुआ था। इस मामले मे हम जांच कर रहे हैं। सरकार ने तुरंत निर्णय लिया किया कि वो पैसा निकलकर ऑथराइज्ड बैंक में रखा है। इस मामले की जांच विजिलेंस और एसीबी को ट्रांसफर किया है। इस मामले में जो कोई भी शामिल हुआ, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। पैसा सुरक्षित है, एक एक पैसा वापस आएगा। बैंक दोषी हुआ तो उस पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## आईडीएफसी बैंक बोला, लेन-देन के लिए एआई का उपयोग करेंगे

- आईडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ वी वैद्यनाथन कहा कि बैंक उच्च-मूल्य, शाखा-आधारित लेनदेन के लिए सिस्टम-आधारित नियंत्रण की अतिरिक्त परत लागू करेगा।
- प्रस्तावित ढांचे के तहत, पूर्व-निर्धारित सीमा से अधिक किसी भी लेनदेन के लिए सत्यापित डिजिटल माध्यम से ग्राहक की अनिवार्य पुष्टि आवश्यक होगी।
- सिर्फ टेलीफोनिक सत्यापन पर निर्भर रहने के बजाय बैंक ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल ऐप पर अलर्ट भेजेगा, जिसमें ग्राहक को लॉग-इन कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर डिजिटल रूप से लेनदेन को स्वीकृति देनी होगी, तभी उसे प्रोसेस किया जाएगा।
- वैद्यनाथन कहा कि हम इन लेनदेन की पुष्टि के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का भी उपयोग करेंगे ताकि मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम किया जा सके।
- बैंक ने कहा कि जांच में वरिष्ठ प्रबंधन की कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है। फॉरेंसिक ऑडिट का जिम्मा केपीएमजी को सौंपा गया है और निष्कर्ष चार से पांच सप्ताह में आने की उम्मीद है।
- जब पूछा गया कि क्या हरियाणा सरकार के कुछ कर्मचारी भी इसमें शामिल हो सकते हैं तो वैद्यनाथन ने कहा कि बैंक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई करेगा।

## झारखंड से दिल्ली आ रही एयर एंबुलेंस चतरा में क्रैश

### क्रू मेंबर समेत सात लोग सवार थे, सभी के मारे जाने की आशंका, समरिया के जंगलों में गिरा विमान




**रांची।** झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा के समरिया के जंगलों में क्रैश हो गया। यह एक एयर एंबुलेंस थी। रेडबर्ड कंपनी के बीचक्राफ्ट किंग एयर बी90एल मेडिकल चार्टर फ्लाइट में क्रू मेंबर समेत सात लोग सवार थे। फ्लाइट ने सोमवार शाम 7:11 बजे रांची से उड़ान भरी, 7:34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन चतरा में क्रैश हो गया।

### हादसा जंगल के बहुत अंदर, क्रैश साइट पर पहुंचने में लगेगा समय

प्लेन में कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह ( को- पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पारामेडिकल स्टाफ) सवार थे। क्रैश साइट जंगल में बहुत अंदर है। पुलिस टीम अभी मौके पर नहीं पहुंची है। लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले मरीज संजय कुमार (41) को 16 फरवरी को 65 परसेंट जलने की हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। उन्हें बेहतर इलाज के लिए झारखंड से दिल्ली लाया जा रहा था।

**आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर**

## देश की पहली आतंकवाद विरोधी नीति 'प्रहार' जारी

**तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही** | **सरकारी एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर** | **भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने सोमवार को 'प्रहार' नाम से भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। इसमें हर तरह के आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित ढांचा बताया गया है। आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है। इसमें सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसमें पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है, जो मानवाधिकार और कानून के शासन पर आधारित होगा। साथ ही कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता।

### आतंकी हमलों का तेज व संतुलित जवाब देना होगा

नीति कहती है कि इसका मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है। नीति में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। प्रहार में कहा गया है कि खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं। कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना है।




## पानीपत रिफाइनरी में बवाल, सुरक्षाबलों पर पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी में सोमवार को मजदूरों ने अर्धसैनिक बलों पर पथराव किया। मजदूर ओवरटाइम, अधिकारियों के दुर्व्यवहार समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। मजदूर लाठी-डंडों से लैस होकर आगे बढ़ने लगे। कुछ मजदूरों ने पथराव किया और निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के पास खड़ी कई गाड़ियों को पलट दिया। वहां 10 से ज़्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सीआईएसएफ अधिकारियों ने 2 हवाई फायर भी किए। सूचना मिलते ही पुलिस भी रिफाइनरी पहुंच गई। पुलिस और सुरक्षा बल ने मिलकर माहौल को शांत करने की कोशिश की। करीब डेढ़ घंटे बाद मामला शांत हुआ। *(विस्तृत पेज 3 पर)*

- **मजदूरों ने गाड़ियां तोड़ी सीआईएसएफ ने किए हवाई फायर**
- **मजदूर ओवरटाइम व अफसरों के दुर्व्यवहार को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन**

**हाईकोर्ट ने राहत वापस ली**

### अब अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित कर सकेंगे बैंक

**मुंबई।** अनिल अंबानी को बैंक अब फ्रॉड घोषित कर सकेंगे। बॉम्बे



हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्हें मिली राहत का आदेश रद्द कर दिया। कोर्ट ने दिसंबर 2025 में 40 हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड मामले में बैंकों को फ्रॉड घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। एसबीआई ने एक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर अंबानी के खातों को फ्रॉड की श्रेणी में डाल दिया गया था। अंबानी ने इस कार्रवाई को चुनौती दी।

**विमान में थी मामूली खराबी**

### तेजस एयरक्राफ्ट क्रैश नहीं हुआ : एचएएल

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने सोमवार को भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट तेजस के क्रैश की खबरों को गलत बताया है।



एचएएल ने कहा है कि ग्राउंड पर एयरक्राफ्ट में मामूली तकनीकी गड़बड़ी हुई थी। हवा में ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ है। एचकेएल ने बताया कि वह एयरफोर्स के साथ मिलकर तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रही है और उसे जल्द ठीक करेगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि तेजस का सेफ्टी रिकॉर्ड दुनिया के आधुनिक फाइटर जेट्स में सबसे बेहतर में से एक है। सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि 7 फरवरी को लैंडिंग के दौरान तेजस का ब्रेक फेल हो गया था।



खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की।

### पैक्स को लाभ में लाएगी सहकारिता नीति : शर्मा

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में बहु-उद्देशीय पैक्सों को लाभ में लाने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा लागू की गई सहकारिता नीति बडी भूमिका निभाएगी। बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप के सवाल का जवाब देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 31 मार्च 2025 तक 794 बहुउद्देशीय सहकारी समितियां थी, जिसमें से 33 समितियां लाभ में हैं।

### अस्पतालों में रियायती दरों पर इलाज का प्रावधान

**चंडीगढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि शहरों में जिन अस्पतालों को सरकार द्वारा रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध करवाई गई है उनको कुल आउटडोर मरीजों में से 20 प्रतिशत को पहले आओ,पहले पाओ के आधार पर मुफ्त सेवा देने का प्रावधान है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे।

### इनेलो ने सिंचाई व पेंशन के मामले उठाए

**चंडीगढ़।** इनेलो विधायक दल के नेता आदित्य देवीलाल ने शून्यकाल के दौरान कहा कि जो नहरें पक्की बन चुकी है उनके (मोघे) आउटलेट को छेड़ा जा रहा है। नहर विभाग द्वारा कभी उनको ऊंचा और कभी नीचा किया जाता है। ऐसे में टेल के किसान पानी पूरा न मिलने पर धरने पर बैठते हैं। किया जाता। सरकार यह सुनिश्चित करें कि नहरे पक्की करने के बाद उनसे छेड़छाड़ न की जाए। आदित्य चौटाला ने दूसरी समस्या रखते हुए कहा कि सरकार ने बुढ़ापा पेंशन समेत सभी योजनाएं पोर्टल के माध्यम से लागू कर दी हैं। लोगों को पोर्टल पर जाकर सभी दस्तावेज अपलोड करने पड़ते हैं, लोगों को समस्याओं का समाधान करने वाला कोई नहीं है।

### केंद्रीय चुनाव आयोग का सम्मेलन आज

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग मंगलवार को भारत मंडपम, नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित करेगा। यह सम्मेलन 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व ऐसा सम्मेलन वर्ष 1999 में आयोजित किया गया था। गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। राज्यों के चुनाव अधिकारी भी पहुंचेंगे।

## विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन में कई मुद्दों पर तीखी बहस

# सदन में हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा में सोमवार को बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही दोपहर दो बजे प्रश्नकाल से शुरू हुई। सदन में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपए के घोटाले पर जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच मामले को लेकर बहस हुई। हुड्डा ने कहा कि यह बेहद गंभीर ही गंभीर मामला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मामले में जवाब देते हुए कहा कि इस मामले में कार्रवाई हो रही है। इसके बाद कांग्रेस के विधायकों ने हंगामा कर सदन से वॉकआउट कर दिया। हालांकि, बाद में वे लौटे आए।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा

भाजपा विधायक घनश्याम अरोड़ा ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत की और उनके साथ ही सत्ता पक्ष की ओर से विचार रखते हुए सरकार के कामकाज की जमकर प्रशंसा की। जबकि कांग्रेस की ओर से अशोक अरोड़ा ने सदन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर सत्ता पक्ष की ओर से कालोनियां काटने के आरोप लगाए जिसपर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आपत्ति की। जिस पर सत्तापक्ष और कांग्रेसी सदस्यों के बीच में तीखी नोकझोंक हुई। बाद में नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हस्तक्षेप किया। मंत्री विपुल गोयल व कृष्ण बेदी ने भी इस दौरान शोरगुल के बीच कांग्रेस को उनके शासनकाल की याद दिलाई साथ ही कहा कि बड़ी संख्या में भाजपा सरकार ने अवैध कालोनियों को वैध कर दिया है। इसके बारे में भी कांग्रेस के लोगों को बताना चाहिए। अशोक अरोड़ा जिस वक्त बोल रहे थे, उस दौरान स्पीकर की चेयर पर डिप्टी स्पीकर डॉक्टर कृष्ण मिढ़ा बैठे हुए थे।



### अरोड़ा ने की एचकेआरएन को बंद करने की मांग

कांग्रेस की ओर से अशोक अरोड़ा ने एचकेआरएन को बंद करने की मांग उठाई साथ ही युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा उठाया साथ ही कहा कि इसे बंद कर दिया जाए। इस पर मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में गोत्र व इलाका देखकर नौकरी दी जाती थी। अब कांग्रेस के लोगों को तकलीफ हो रही है। सदन में अशोक अरोड़ा ने हाउसिंग बोर्ड का विलय एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) में किए जाने पर सवाल उठाए व दीनदयाल उपाध्याय के नाम को लेकर काटी जा रही कालोनी को लेकर सत्तापक्ष पर आरोप लगाए व कहा कि मंत्री और उनके रिश्तेदार कालोनी काट रहे हैं। इस पर मूलचंद शर्मा ने खड़े होकर कहा कि आप इस तरह से सभी पर आरोप नहीं लगा सकते। उन्होंने कहा कि गरीबों को सस्ते आवास देने, कालोनी में लाइसेंसी बिल्डरों को सशर्त लाइसेंस देने की मांग की। शर्मा ने कहा कि सरकार गरीबों के हित को ध्यान में रखकर योजना चला रही है।

### वेल में पहुंचे कांग्रेसी स्पीकर ने दी चेतावनी



भाजपा विधायक गौतम द्वारा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम लिए जाने को लेकर कांग्रेस की ओर से आपत्ति की गई। साथ ही कांग्रेसी विधायक वेल में पहुंच गए। स्पीकर ने नेताओं के नाम हटवा दिए। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष ने नेता गौतम के बयान पर हंसते नजर आए। गौतम ने कहा कि प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार नहीं बल्कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार थी। गौतम ने हुड्डा का नाम लेकर कहा कि सारा कुछ होने के बाद भी हुड्डा को नेता विपक्ष नहीं बनने दिया। हुड्डा नहीं रहे, तो कांग्रेस भी प्रदेश के अंदर समाप्त हो जाएगी।

### यूट्यूब चैनल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव दिया

विधान सभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को एक यूट्यूब चैनल 'एक्शन इंडिया हरियाणा' के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव सदन में पेश किया गया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस प्रस्ताव को सदन की सहमति से विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। यह प्रस्ताव विधायक प्रमोद विज की ओर से हरियाणा विधान सभा के कार्य प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के तहत पेश किया गया था। इसमें उन्होंने चैनल पर विशेषाधिकार हनन एवं सदन की अवमानना का प्रश्न उठाया। विधायक प्रमोद विज ने कहा था कि एक्शन इंडिया हरियाणा (एआई) सोशल मीडिया चैनल के प्रबंध निदेशक, प्रकाशक, संपादक, निर्माता और संवाददाता का उद्देश्य विधायिका एवं विधान सभा के नेता मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा और गरिमा को धूमिल करना था। इस मामले में विधान सभा के हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

### स्वास्थ्य विभाग में 4000 से अधिक पद खाली, मंत्री का भर्ती प्रक्रिया तेज करने का दावा

रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न के उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सदन में बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं और उन्हें भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मेडिकल ऑफिसर के 4,054 स्वीकृत पदों में से 541 पद खाली हैं, जिनमें से 450 पदों का विज्ञापन 5 दिसंबर 2025 को जारी किया जा चुका है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के 644 पदों में से 210 पद रिक्त हैं और 48 पदों की पदोन्नति का मामला सरकार स्तर पर विचाराधीन है। सिविल सर्जन/पीएमओ श्रेणी के 51 पदों में से 22 पद खाली हैं, जिन्हें पदोन्नति के माध्यम से भरने की प्रक्रिया आरंभ की गई है। दंत चिकित्सकों के 725 पदों में से 87 रिक्त हैं और 64 पदों के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग को 17 फरवरी 2026 को मांग पत्र भेजा गया है।

## विस में खेल सुविधाओं का मुद्दा भी गूंजा

### कोच के 1001 पद रिक्त, 27 नए स्टेडियम निर्माणाधीन

जुलाना से विधायक विनेश द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने राज्य में खेल अवसंरचना और कोचों की स्थिति का विस्तृत विवरण सदन में प्रस्तुत किया। मंत्री ने बताया कि खेल विभाग के अधीन प्रदेश में कुल 245 खेल स्टेडियम संचालित हैं। कोचों की स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 1,584 स्वीकृत कोच पद हैं, जिनमें से वर्तमान में केवल 583 पद भरे हुए हैं। इस प्रकार खेल विभाग में 1,001 कोच पद रिक्त पड़े हैं।मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश में 27 नए खेल स्टेडियमों का निर्माण कार्य जारी है, जबकि 27 अन्य स्टेडियमों का प्रस्ताव विभाग के विचाराधीन है। सदन में इस विषय पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने रिक्त कोच पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### 5.41 लाख से अधिक बीपीएल कार्ड निरस्त

कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न के उत्तर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने जनवरी 2024 से जनवरी 2026 तक बीपीएल (प्राथमिक परिवार) तथा अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) राशन कार्डों का विस्तृत जिला-वार और माह-वार ब्यौरा सदन में रखा। प्रस्तुत आंकड़ों से स्पष्ट है कि पिछले दो वर्षों में राज्य में राशन कार्डों का बड़े स्तर पर सत्यापन, संशोधन और निरस्तीकरण हुआ है।जनवरी 2026 तक प्रदेश में कुल 39,88,155 सक्रिय राशन कार्ड दर्ज हैं, जिनमें 2,93,746 अंत्योदय अन्न योजना के कार्ड तथा 36,94,409 बीपीएल श्रेणी के कार्ड शामिल हैं। वहीं जनवरी 2024 से जनवरी 2026 की अवधि में 3,37,770 से अधिक कार्ड जारी किए गए।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. N. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 (GMU) | केटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (साइज 10'X6') जनरल श्रेणी के लिए पीएफ नं. 1, रामपुरापुल (पीयूएल) रेलवे स्टेशन | 06.03.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | ADVT-UMB-BTI-OSD-338-25-1 | बठिंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 10 फीट x 8 फीट क्षेत्रफल की वीडियो वॉल के रूप में व्यावसायिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 06.03.2026 12.00.00 hrs |
| 3 | ADVT-UMB-NBA-OSN-157-22-2 | नाभा रेलवे स्टेशन पर 240 वर्ग फुट क्षेत्र में व्यावसायिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) | 06.03.2026 12.00.00 hrs |
| 4 | MSS-UMB-SRE-PSKsk-54-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 54 वर्ग फुट क्षेत्रफल की पूजा सामग्री की दुकान/किओस्क स्थापित करने और संचालित करने के लिए अनुबंध का आवंटन (साइट योजना के अनुसार) | 06.03.2026 12.00.00 hrs |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। **601/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सोनीपत नागरिक अस्पताल में बढ़ेंगी सुविधाएं : आरती

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि सोनीपत के जिला अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन, एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस और एमआरआई स्कैन सेवाएं शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएंगी। सोनीपत जिले में कार्डियक कैथेटराइजेशन लैब (कैथ लैब) स्थापित करने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है।स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे सवाल का जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने बताया कि फ़िलिहाल सोनीपत में 200 बिस्तरीय जिला सिविल अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) के पास स्थापित है। यह अस्पताल लगभग 15.5 एकड़ भूमि पर बना है, जिसमें से भवन लगभग 6 एकड़ भूमि पर निर्मित है। इसके अलावा, 138 करोड़ की लागत से 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु देखभाल (एमसीएच) ब्लाक निर्माणाधीन है।

## विधानसभा में फिर गूंजा परिवार पहचान पत्र का मुद्दा

■ सुरजेवाला के प्रश्न पर सीएम का जवाब पांच साल में 51493 शिकायत मिली, 30 से 60 दिन में समाधान किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस ने एक बार फिर परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) को लेकर सरकार घेरा। प्रश्न काल के दौरान कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने सवाल पूछते हुए कहा कि पीपीपी की त्रुटियों को सही कराने में लोगों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जबकि, सरकार दावा करती है कि सुधार प्रक्रिया तेजी से चल रही है। हमारे पास जो जानकारी उसके हिसाब से सरकार के सभी दावे फेल साबित हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री ने लिखित में जवाब मांगा की उन्हें सदन के माध्यम से बताया



जाए कि वर्ष 2022 से वर्ष 2026 (अब तक) प्रदेश के सभी जिलों से कितनी शिकायत आई और सुधार की अवधि क्या रही। विधायक के प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीपीपी में जो भी जानकारी दी गई है, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती गई है। पांच साल में 51493 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका तीस से साठ दिन के अंदर समाधान कर दिया गया।

### कितनी शिकायतें

| वर्ष | शिकायतें |
|---|---|
| 2022 | 4140 |
| 2023 | 20550 |
| 2024 | 12036 |
| 2025 | 12613 |
| 2026 | 2154 |
| **कुल** | **51493** |
| **समय** | **लंबित शिकायत** |
| 30-60 दिन | 3315 |
| 60 से 90 दिन | 1991 |
| 90 से 180 दिन | 995 |
| 180 से अधिक | 337 |

### कई राज्य अपना चुके मॉडल

सीएम सैनी ने बताया कि अधिकतर शिकायत सार्वजनिक सेवा नाम, पता, आय व वाहनों से जुड़ी थी। इनकी संख्या 23987 है। जवाब में यह भी बताया गया कि हरियाणा के पीपीपी मॉडल को कई राज्य अपना भी चुके हैं। देशभर में मॉडल अच्छी तरह काम कर रहा है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 116 दिनांक 17.02.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना कुण्डली जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम- कोमल।
पिता का नाम- ज्ञानचन्द।
पता- वासी गाँव बेवर खजुरिया जिला मैनपुरी उ० प्र० हाल किराएदार मकान बलराम सिंह दादा भैया मन्दिर के पीछे कुण्डली जिला सोनीपत।
उम्र-14 वर्ष
कद-4 फुट।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, लम्बी गर्दन, पतला शरीर है।
पहनावा - नीले रंग का सूट-सलवार वाली स्कूल ड्रेस, पैरों में जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.02.2026 को कोमल पुत्री ज्ञानचन्द वासी गाँव बेवर खजुरिया जिला मैनपुरी उ० प्र० हाल किराएदार मकान बलराम सिंह दादा भैया मन्दिर के पीछे कुण्ड़ली जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गई हैं। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना - 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9416171519
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4496/2026/43240/88/6 दि. 23.02.26

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले को लेकर विपक्ष हमलावर

### डबल इंजन नहीं, डबल लूट की सरकार बन चुकी भाजपा : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा में सामने आए 590 करोड़ के बैंक फ्रॉड को भाजपा सरकार की गंभीर लापरवाही और प्रशासनिक विफलता करार देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह पर तीखा हमला बोला है।उन्होंने कहा कि यह घोटाला सिर्फ बैंकिंग अनियमितता नहीं, बल्कि सरकार की निगरानी व्यवस्था के पूरी तरह फेल होने का प्रमाण है। ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार के 18 विभागों से जुड़े खातों में करोड़ों रुपये का अंतर पाया गया, फर्जी एफडी और म्यूचुअल फंड में निवेश के आरोप सामने आए, और महीनों तक अनियमित ट्रांजेक्शन चलते रहे। लेकिन सरकार को भनक तक नहीं लगी। सरकार इतने बड़े लेन-देन पर नजर नहीं रख पा रहे थे, अगर सरकारी खजाना ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे भरोसा करे।



### 590 करोड़ के घोटाले की हो उच्चस्तरीय जांच: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में लगभग 590 करोड़ रुपयों की कथित वित्तीय अनियमितताओं को अत्यंत गंभीर और जनहित से जुड़ा मामला बताया है। उन्होंने कहा कि यह मामला चंडीगढ़ स्थित आइडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक शाखा से जुड़ा हुआ है, जिसमें कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है। सरकारी खातों से जुड़े लगभग 590 करोड़ रुपयों के कथित घोटाले की खबर बेहद चिंताजनक है। उनके अनुसार यह केवल वित्तीय गड़बड़ी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास के साथ सीधा विश्वासघात है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी गड़बड़ी उच्च स्तर की लापरवाही या संभावित मिलीभगत के बिना कैसे हो सकती है और क्या आंतरिक ऑडिट तथा निगरानी तंत्र केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं।



### सांसद रेखा शर्मा ने सुनीं समस्याएं

पंचकूला। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने सोमवार को पंचकूला लघु सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, गांवों के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के नागरिक उनसे मिलने पहुंचे। जनसुनवाई में पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग पुलिस और होमगार्ड विभाग से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों को विस्तार से सुना गया। रेखा शर्मा ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर समस्याओं का जल्द और प्रभावी समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और हर नागरिक की समस्याओं का समाधान जरूरी है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल, अंबाला मंडल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **09.03.2026 को दोपहर 15:00 बजे तक** व्यक्तिगत संस्थाओं/साझेदारी फर्मों/कंपनियों/स्वयं सहायता समूहों/सहकारी समितियों आदि तथा सामान्य श्रेणियों में अंबाला मंडल में पांच वर्ष की अवधि के लिए खानपान स्टॉल जीएमयू (सामान्य लघु इकाई) के संचालन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | स्टेशन का नाम | स्टेशन कैटेगरी | स्टाल सं. | स्थान | टेंडर डाक्यूमेंट्स का मूल्य + 18% GST प्रति टेंडर (रुपये में) | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMB-CTG-UMB-GMU-03-26 | अम्बाला कैंट | एनएसजी–2 | UMB-02 | सर्कुलेटिंग एरिया | 2,950/- | 3,97,480/- | 2,06,700/- | सामान्य |
| 2 | UMB-CTG-UMB-GMU-02-26 | अम्बाला कैंट | एनएसजी–2 | UMB-01 | सर्कुलेटिंग एरिया | 2,950/- | 3,97,480/- | 2,06,700/- | सामान्य |
| 3 | UMB-CTG-SRE-GMU-02-26 | सहारनपुर | एनएसजी–3 | SRE-22 | प्लेटफार्म सं 5/6 | 2,950/- | 4,13,170/- | 2,14,900/- | सामान्य |

नोटः ई–निविदा प्रपत्र और दस्तावेज **09.03.2026 को दोपहर 15:00 बजे** तक **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। रेलवे प्रशासन बिना किसी कारण बताए किसी भी या सभी ई–निविदाओं को स्थगित/संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **600/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा विधानसभा प्रेस एडवाइजरी कमेटी का गठन



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा प्रेस एडवाइजरी कमेटी (पीएसी) ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पत्रकार चन्द्रशेखर को अध्यक्ष और सचिव योगेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी को चुन लिया गया है, खास बात यह है कि तीनों ही पदों पर बहुमत के साथ में नियुक्ति हुई है। हरियाणा विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद (एचसीएस) की अध्यक्षता में पीएसी की अहम बैठक विधानसभा परिसर में हुई। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश भारद्वाज ने पिछले साल की कमेटी रिपीट करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा अनिल गाबा, दीपक बंसल और सुशील भार्गव ने प्रस्ताव का खुला समर्थन कर दिया। प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पीएसी के नए पदाधिकारियों और अधिकांश सदस्यों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व सचिव हरविंद्र कल्याण का आभार व्यक्त किया है। सचिव राजीव प्रसाद की अध्यक्षता में पीएसी मीटिंग में सुझाव दिए गए कि हरियाणा में पंजाब पीएसी की तर्ज पर बजट और सुविधाएं दी जाएं।

## 100% बधिर अभ्यर्थी को नियुक्ति से इनकार सही

■ हाईकोर्ट ने एचएसएससी पर एक लाख जुर्माना लगाया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शिफ्ट अटेंडेंट पद पर 100 प्रतिशत बधिर अभ्यर्थी की नियुक्ति रद्द करने के फैसले को सही ठहराते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने यह राशि अभ्यर्थी को चार सप्ताह के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने माना कि आयोग की सिफारिश के चलते अभ्यर्थी को अनावश्यक कठिनाई और मानसिक आघात झेलना पड़ा।जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने प्रशांत पांडेय अभ्यर्थी की याचिका खारिज करते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के नियुक्ति रद्द करने के फैसले को भी सही ठहराया। याचिकाकर्ता ने 2016 के विज्ञापन के तहत शिफ्ट अटेंडेंट पद के लिए आवेदन किया था। कुल 2426 पदों में से 36 पद आंशिक रूप से श्रवण बाधित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित थे। लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार के बाद याचिकाकर्ता को चयनित घोषित कर नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिया गया।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | पिपली :- डीआई पाइप लाइन बिछाने और घरेलु कनेक्शन की बहाली और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्यों हेतु डीएनआईटी, सीएच. हैड :- हस्सु :- गांव हस्सु जिला सिरसा में जलापूर्ति योजना के संवर्धन और वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान डिमांड)। | 20.02.2026 26.02.2026 | 4.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 2 | सिविल सर्जन अम्बाला | अम्बाला जिले के शहरी क्षेत्र के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा को किराये पर लेने हेतु अल्प-ई-निविदा सूचना के लिए विज्ञापन। | 21.02.2026 26.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 171255747 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कुरेशीपुर जी.पी. मादलपुर ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एचजीवीवाई, सी.एम.। | 20.02.2026 27.02.2026 | 53.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में ड्रेन/नाला का निर्माण (श्यामी के मकान से शमशान घाट वाला रास्ता तक) + 2 कार्य। | 20.02.2026 27.02.2026 | 81.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 20.02.2026 27.02.2026 | 211.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | गांव सिंहवा राघो के फिरनी के निकट तालाब का पुनरोद्धार (01HRHSRHS10023SINGW008)। | 20.02.2026 26.02.2026 | 44.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417284563 xenconstdivn7hsr@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जेएलएन फीडर निकट आरडी 306000/आर के साथ-साथ डिच ड्रेन के अंदर आउटफॉलिंग और पम्प हाउस सहित 500 मिमी डाया एचडीपीई पाइप लाइन के साथ जुड़े हुए गांव मुंदसा में आबादी को बचाने और बाढ़ के पानी को निकालने के लिए आरसीसी एनपी3 पाइप लाइन 900 मिमी डाया को बिछाना। | बंद होने की तिथि 26.02.2026 | 129.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | डीघल लिंक ड्रेन के विभिन्न आरडी पर क्षतिग्रस्त पाइप कल्वर्ट्स को बॉक्स कल्वर्ट्स में बदलना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.03.2026 | 641.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | यमुना नदी में बाढ़ 2025 के पश्चात आबादी क्षेत्र को बचाने के लिए पुराने स्टोन स्टड नं. के-12 की मरम्मत करके खिराजपुर कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान। | 21.02.2026 27.02.2026 | 31.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | सिरसा मेजर डिस्टी. की सफाई + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.02.2026 | 9.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, रोहतक से सम्बन्धित एचडीपीई पाइप्स 200 मिमी (3000 पाइप्स) की आपूर्ति। | 24.02.2026 10.03.2026 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/220/43259/I/88/6 दि. 23.02.26

# पानीपत : यूनिवर्सिटी की मैस में आग से सिलेंडर फटा, तीन कर्मचारी झुलसे

- विद्यार्थियों ने भागकर बचाई जान, शार्ट सर्किट बता रहे वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव नौल्था में स्थित एक यूनिवर्सिटी के परिसर में बने हॉस्टाल की मैस में रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे भीषण आग लग गई। आग लगते ही मैस में रात्रि भोजन कर रहे विद्यार्थियों आदि ने भागकर अपनी जान बचाई। इधर, रसोई कर्मियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग को काबू करने की कोशिश की। इस दौरान एलपीजी गैस से भरा सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। तेज धमाके से यूनिवर्सिटी परिसर में निवास कर रहे विद्यार्थियों आदि में दहशत का माहौल बन गया। इस घटना में कैफे के तीन कर्मचारी झुलस गए। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। इधर, फायर फाइटर की मदद से आग को काबू किया गया। जबकि थानेदार इसराना महिपाल ने बताया कि यूनिवर्सिटी के परिसर में हॉस्टल की मैस में आग लगी थी, इसकी जांच की जा रही है। दूसरी ओर, यूनिवर्सिटी प्रबंधन का दावा है कि कैफे में बिजली के शॉट सर्किट के कारण आग लगी।


हॉस्टल की रसोई में धधकती आग।

# करनाल : टायर पिघलाने की फैक्टरी में धमाका, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मधुबन थाना क्षेत्र के गांव मंगलोरा स्थित टायर पिघलाकर फर्नेस ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री में 21 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे भीषण हादसा हो गया। रिएक्टर मशीन का मुख्य दरवाजा खोलते ही तेज धमाका हुआ, जिसके बाद आग और गर्म कार्बन बाहर निकल आया। इसकी चपेट में आकर वहां मौजूद चार मजदूर बुरी तरह झुलस गए।

घायल मजदूरों में से एक मुरली साहनी, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के गांव नारायणपुर का निवासी है। वह वर्ष 2018 से गांव कैरवाली के पास स्थित बजरंग इंडस्ट्रीज में कार्यरत था। उसके साथ काम कर रहे उसके चाचा रामवध, साला संजय, ससुर का भाई जनार्दन और गांव का मुकेश भी फैक्ट्री में मौजूद थे। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। डॉक्टरों ने संजय, रामवध और जनार्दन को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### सुरक्षा उपकरण न देने का आरोप

मुरली साहनी के अनुसार उन्होंने तीन-चार बार कंपनी मालिक सुमित, राहुल और केयरटेकर बलराज से सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन हर बार आश्वासन देकर बात टाल दी गई।




## खबर संक्षेप

### बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने घर में फांसी लगाई

**रेवाड़ी।** आशियाकी गौरावास में सोमवार सायं एक बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने अपने घर में संदिग्ध हालात में फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। फांसी लगाने के कारणों की जांच की जा रही है। गांव निवासी लगभग 18 वर्षीय कोमल एक कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही थी। वह घर पर अकेली थी। जब परिवार के सदस्य घर आए तो उसका शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। चुन्नी से फंदा लगाया हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची रोहड़ाई थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया।

### कांग्रेस समर्थित चेयरमैन को कुर्सी से हटाया

**फतेहाबाद।** रतिया पंचायत समिति के कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष केवल मेहता को अपनी कुर्सी से हाथ धोना पड़ा। उन्हें विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के विरोध करने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। केवल मेहता के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को दूसरी बार मीटिंग हुई। इस दौरान पंचायत समिति के कुल 21 में से 16 सदस्यों ने चेयरमैन के खिलाफ वोट दिया। इसी के साथ अब केवल मेहता चेयरमैन पद से हट गए हैं। केवल मेहता की कुर्सी जाने को पूर्व सांसद एवं विधानसभा चुनाव में रतिया से प्रत्याशी रही सुनीता दुग्गल की जीत के तौर पर देखा जा रहा है। जैसे ही केवल मेहता को पद से हटाने की घोषणा हुई।

## पानीपत रिफाइनरी में मजदूर आंदोलन के चलते बवाल

# श्रमिकों ने सीआईएसएफ व गाड़ियों पर किया पथराव, लाठीचार्ज में कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत रिफाइनरी के प्रोजेक्ट्स में ठेकेदारों के तहत विभिन्न कंपिनयों में सेवारत हजारों मजदूरों ने सोमवार को अपनी मांगों के समर्थन में रिफाइनरी के गेट नंबर चार पर धरना शुरू किया। अधिकारियों से बातचीत बेनतीजा होने पर दोपहर करीब एक बजे सीआईएसएफ ने सुरक्षा का हवाला देते हुए मजदूरों को गेट खाली करने के लिए कहा। वहीं, मजदूरों ने हटने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर सीआईएसएफ व मजदूरों के बीच तनाव बन गया। देखते ही देखते मजदूर हिंसक हो उठे और उन्होंने सीआईएसएफ की टीम पर पथराव शुरू कर दिया। आंदोलनरत मजदूरों ने कई वाहनों पर पथराव किया और उन्हें पलट दिया। हालात बेकाबू होते देख सीआईएसएफ ने अपने अधिकारियों के आदेश पर आंदोलनरत मजदूरों पर लाठीचार्ज किया। इससे हालात और अधिक बिगड़ गए। वहीं, हालात को काबू करने के लिए सीआईएसएफ ने हवाई फायरिंग कर मजदूरों को शांत रहने की सख्त चेतावनी दी। पानीपत रिफाइनरी मुख्यालय की सूचना पर पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह फोर्स लेकर रिफाइनरी पहुंचे और आंदोलन कर रहे मजदूरों को समझा कर शांत किया। रिफाइनरी में करीब 35 हजार मजदूर हैं।


पानीपत रिफाइनरी के गेट नंबर चार पर गाड़ी पलटते आंदोलनकारी मजदूर।


पानीपत रिफाइनरी में बवाल के बाद मौके पर तैनात पुलिस बल।

### पुलिसबल तैनात किया : एसपी

पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने दावा किया कि पुलिस की टीमें पहुंचने के बाद रिफाइनरी क्षेत्र में माहौल पूरी तरह से शांत है। आंदोलनरत श्रमिकों के पथराव में सीआईएसएफ के कई जवान घायल हुए हैं। इस दौरान कई मजदूर भी घायल हुए हैं। इनकी मेडिकल जांच करवाई जाएगी। वहीं, पथराव में दो वाहन क्षतिग्रस्त हुए। मजदूरों, कंपनियों के अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच बातचीत दोबारा शुरू करवाई है ताकि आंदोलन समाप्त हो सके।

### ओवरटाइम व अन्य मांगों पर आंदोलन

आंदोनकारी श्रमिकों का कहना है कि बिना ओवरटाइम उनसे 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है। साइट्स पर शौचालय नहीं है, साइट तक पैदल ही जाना पड़ता है। साइट पर कैंटीन नहीं है, जिससे काफी दूर जाना पड़ता है। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें दिए जाने वाले वेतन में कटौती की जाती है। पीएफ व ईएसआई के नाम पर उनकी सैलरी ज्यादा काटी जाती है। श्रमिकों का आरोप है कि ठेकेदार व सीआईएसएफ उनके साथ अभद्र व्यवहार करती है। श्रमिकों की मांग है कि उनसे आठ घंटों कम लिया जाए, ज्यादा काम पर ओवर टाइम मिले। साइट पर कैंटीन व शौचालय बनवाया जाए, वेतन पूरा मिले। साइट पर जाने को वाहन उपलब्ध करवाए जाएं, पीएफ व ईएसआई का हिसाब हर माह दिया जाए।

## कॉलेज में घूरने का विवाद खूनी जंग में बदला

# बैंक्वेट हॉल के बाहर दोस्त को बचाने आए युवक की चाकू मारकर हत्या, एक गंभीर

- आधा दर्जन से ज्यादा हमलावरों ने तेजधार हथियारों से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी में शादी की रिसेप्शन में मामूली विवाद के बाद हुई खूनी झड़प में एक युवक की जान चली गई। इस दौरान दो युवक भी जख्मी हो गए। इनमें से एक की हालत बेहद खराब बताई जा रही है। पुलिस ने जख्मी युवक की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर है।



जसराज उर्फ जस्सू गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ता है। कुछ समय पहले उसका कॉलेज के कुछ लड़कों के साथ घूरने को लेकर विवाद हो गया था। जसराज कॉलेज टाइम के बाद बड़े भाई सुखराज के साथ मैरिज पैलेस डेकोरेशन का भी काम करता है। रविवार रात को उसे अंबाला कैंट में सिया वाटिका पैलेस में डेकोरेशन का काम मिला था। पुलिस के मुताबिक जसराज अपने दोस्तों दुर्गा नगर के सोनू (22) व भूपिंद्र (20) को भी शादी की रिसेप्शन में लेकर पहुंचा था। घटना के वक्त ये तीनों पैलेस की पार्किंग में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि 7-8 हमलावरों ने पहले जसराज उर्फ जस्सा पर हमला किया। बीच-बचाव करने आए सोनू, भूपिंद्र व जसराज के बड़े भाई सुखराज पर चाकू से वार किए। पीठ में छुरा घोंपने से सोनू की मौत हो गई। जस्सा की पीजीआई चंडीगढ़ में हालत नाजुक बनी है। मृतक सोनू अंबाला शहर में जैन स्कूल की वैन का ड्राइवर था। रविवार को छुट्टी होने पर जस्सा के दोस्त सोनू व भूपिंद्र भी उसके साथ चले गए।


सीसीटीवी में कैद हमले का फुटेज।

### छात्र की हत्या कर जोहड़ में फेंका शव

**रोहतक।** बीए अंतिम वर्ष के छात्र की हत्या कर बहुअकबरपुर थाना क्षेत्र में खेतों के पास स्थित जोहड़ में शव फेंक दिया गया। सोमवार सुबह खेतों में पहुंचे किसानों ने झाड़ियों में शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया के साथ साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में युवक की गर्दन और गले पर धारदार हथियार से कई वार के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान सिंहपुरा गांव निवासी विकास के रूप में हुई है। वह 21 फरवरी की सुबह अपने दोस्त दीपक के साथ मदीना गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था।

## हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल अटका, कंप्रेशर खराब

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन के रनिंग ट्रायल में अभी समय लग सकता है। हाइड्रोजन प्लांट में कंप्रेशर खराब हो गया है। इस कारण ट्रेन के इंजन में गैस नहीं भर पाई है। ऐसे में ट्रायल को लेकर चेन्नई से गैस मंगवाई गई है। चेन्नई से गैस आने में चार दिन तक का समय लग सकता है। गैस आने के बाद इंजन में भरी जाएगी। इसके बाद ट्रायल होगा। हालांकि लखनऊ की आरडब्ल्यूएस टीम ट्रेन की टेस्टिंग में लगी हुई है। पिछले दिनों भी प्लांट में कंप्रेशर खराब हो गया था। तब भी चेन्नई से गैस मंगवाई गई थी। ऐसे में अभी रनिंग ट्रालय को थोड़ा और समय लग सकता है। पहले रविवार को दोपहर बाद ट्रायल होने की संभावना थी।

### फायरिंग कर लड़की के अपहरण का प्रयास

**पलवल।** भमरौला गांव में रविवार को एक परिवार पर भारी संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दहशत फैला दी। सरजीत ने शिकायत में बताया कि रविवार दोपहर करीब दो बजे गहलब गांव से आए हमलावर नीले रंग की बलेनो कार और करीब 20 बाइकों पर सवार होकर आए। घर पहुंचते ही आरोपियों ने ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया और तीन हवाई फायर किए। उन्होंने बेटी को जबरन ले जाने का प्रयास किया। भतीजे भूप को बेरहमी से पीटा। इसी दौरान शोर सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए, जिसके बाद आरोपी युवक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## नाबालिग के यौन शोषण पर दोषी को 20 वर्ष कैद

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त एवं सत्र न्यायधीश एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट फतेहाबाद के स्पेशल जज अमित गर्ग की अदालत ने एक 14 वर्षीय नाबालिग के साथ हुए जघन्य यौन अपराध के मामले में अभिजीत निवासी ढाणी बस्ती भीमा, फतेहाबाद को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराध समाज पर गहरा आघात हैं और दोषी पर दया दिखाना न्याय का मजाक होगा। इस बारे में 13 अक्टूबर 2024 को पीड़िता के पिता ने हुडा चौकी, थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी अभिजीत पिछले 10 महीनों से उनकी बेटी को स्कूल जाते समय खाने-पीने की चीजों का लालच देकर बहलाता-फुसलाता था। करीब 18 दिन पहले, आरोपी उसे जबरन चिल्ली वाली झील के पास खेतों में ले गया, जहां उसने पीड़िता के साथ कुकर्म व मारपीट की। 16 अक्टूबर 2024 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर लगाए 1.70 लाख के जुर्माने में से एक लाख रुपये पीड़िता को देने होंगे।

## रिश्वत लेने वाले सब इंस्पेक्टर को 4 साल कैद

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खत्री सौरभ की अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में सब इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह को चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने 40 हजार रुपये रिश्वत लेने के मामले में यह फैसला सुनाया। इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 29 जून 2021 को शिकायत के आधार पर विजेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायत में बताया गया था कि पंजाब के मानसा जिले के काहनेवाला निवासी धर्मपाल खेतीबाड़ी करते हैं। धर्मपाल ने आरोप लगाया था कि मानसा के सरदूलगढ़ निवासी धीरज कुमार उर्फ धीरु के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। धीरु उस समय हिसार जेल में बंद था। धर्मपाल ने बताया कि उनके खेत में मजदूरी करने वाले विजय कुमार को क्राइम ब्रांच हिसार के सब इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद एसआई विजेंद्र सिंह ने धर्मपाल को धमकी दी कि वह धोखाधड़ी के मुकदमे में उसका नाम डाल देगा और बचने के लिए दो लाख रुपये की मांग की। इस पर उसने शिकायत दी।

# सीएम आवास घेरने जा रहे किसानों को बैरिकेडिंग कर रोका

- हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों ने कुरुक्षेत्र में दिया तीन दिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों ने जिंदल चौक के समीप धरना दिया। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने फसल का मुआवजा तुरंत दिए जाने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता रद्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर 23 से 25 फरवरी तक सीएम आवास के घेराव का ऐलान किया था। इसके तहत सोमवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े किसान सुबह पिपली देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए।


कुरुक्षेत्र। जिंदल चौक के समीप धरने पर बैठे किसान।

पुलिस ने किसानों को सीएम आवास तक जाने से रोकने के लिए जिंदल चौक के समीप बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल व वज्र वाहन भी मौजूद रहा। दोपहर करीब डेढ़ बजे किसानों ने देवीलाल पार्क से सीएम आवास की ओर पैदल कूच किया। पुलिस ने किसानों को जिंदल चौक के समीप ही रोक दिया। किसानों ने वहीं पर ही धरना दे दिया। किसानों को संबोधित करते हुए बीकेयू (सर छोटू राम) के राज्य कोर कमेटी सदस्य जगदीप सिंह औलख, प्रवक्ता भादुर मेहला, पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मंदीप नाथवान, अमरजीत मोहड़ी सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे किसानों को भारी नुकसान होगा। भादुर मेहला ने कहा कि सरकार की नीतियों ने किसानों को कर्ज के बोझ तले धकेल दिया है। संजू नम्बरदार, संजीव आलमपुर व दिलबाग सिंह ने आरोप लगाया कि समय रहते प्रशासन ने शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं की, जिससे किसानों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है।

### किसानों ने यह रखी मांगें

खाद-बीज की किल्लत दूर करो, नकली खाद-बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरू की जाए, बासमती धान की खरीद एमएसपी पर की जाए। जलभराव से निजात दिलाओ-नदियों, नालों की सफाई और स्थाई ड्रेनेज व्यवस्था की जाए। धान में फिजी वायरस से हुए भारी नुकसान की भरपाई की जाए। दशकों से जुमला, मुश्तिलका, शामलात, पट्टेदार, आबादकार जमीनों पर खेती कर रहे किसानों को मालिकाना हक दो। ट्यूबवेल कनेक्शन की प्रकिया सरल की जाए, बिजली बिल 2025 तक स्थगित किए जाए और स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को रद्द किया जाए।

**मौसम** उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से रात के तापमान में आएगी गिरावट, किसानों को हल्की सिंचाई की सलाह

# 28 फरवरी से बदलेगा खुश्क मौसम, बादलवाही के बाद बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

तीन-चार दिन से चल रहा खुश्क मौसम 28 फरवरी से बदलने के आसार हैं। फिलहाल सुबह-शाम की सर्दी अब पहले से कम हो गई है और वहीं दोपहर में हवाओं की तीव्रता में कमी से तेज धूप का भी अहसास हो रहा है। एचएयू मौसम विभाग के अनुसार 28 फरवरी को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलवाही रहेगी, जिससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। वहीं, उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आएगी।

इस बार फरवरी के दूसरे पखवाड़े में ही सर्दी का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। लगातार दिन और रात दोनों का तापमान बढ़ रहा है। हालांकि नमी ज्यादा होने से सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है। वहीं खुले में अलसुबह ओस का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। आईएमडी के अनुसार आगामी तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान 14 डिग्री और अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

बढ़ते तापमान को देखते हुए एचएयू के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उनका कहना है कि बढ़ते तापमान को देखते हुए गेहूं, सब्जियों व फलदार पौधों में, हल्की सिंचाई अवश्य करें तथा गेहूं अनुभाग की सलाह के अनुसार बढ़ते तापमान के नकारात्मक प्रभाव को रोकने के लिए एनपीके-13:045 या एनपीके 05234 कोई भी खाद लें। एक से डेढ़ किलो खाद को 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ गेहूं की फसल में छिड़काव करें ताकि दाना बनने की अवस्था में गेहूं की फसल पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। अगर किसी एरिया में बारिश कम हुई है तो हल्की-हल्की सिंचाई करें। सिंचाई करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि हवा बंद हो तभी सिंचाई करें। तेज हवा में ज्यादा बढ़वार लिए हुए फसल के गिरने का खतरा रहता है। इसलिए थोड़े-थोड़े समय अंतराल पर आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई ही करें। इस स्टेज में जमीन की बजाए पत्तों पर छिड़काव करना ज्यादा फायदेमंद है।

### नांगल चौधरी व निजामपुर के आसपास बारिश व ओलावृष्टि



**नारनौल।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जिले में सोमवार दोपहर बाद बादलवाही, छिटपुट बूंदाबांदी, बारिश व एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई। जिला महेंद्रगढ़ के निजामपुर व नांगल चौधरी के आसपास अमरपुरा, दताल, धौलेड़ा, पवेरा, तलोट, दंचौली, बिहारीपुर व नांगल शालू में हल्की बारिश, बूंदाबांदी तथा नांगल शालू व ढाणी बाठोठा के आसपास एक दो स्थानों पर छिटपुट ओलावृष्टि की गतिविधियां दर्ज हुईं। सोमवार रात को यह मौसम प्रणाली हरियाणा व एनसीआर दिल्ली से आगे निकल जाएगी, वैसे ही उत्तरी हवाओं से रात्रि तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी, लेकिन दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने रहेंगे। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि फरवरी के अंतिम दिनों में हरियाणा व एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान में उछाल देखने को मिलेगा। मार्च महीने की शुरुआत में तापमान 30-35 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक देखने को मिलेगा, जबकि रात्रि तापमान 10-16 डिग्री सेल्सियस के बीच या इससे अधिक दर्ज किया जाएगा। कुल मिलाकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मार्च की शुरुआत गर्मी से होगी। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमशः 28.5 व 12.6 डिग्री सेल्सियस तथा 29.0 व 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

### सामान्य से अधिक है तापमान : खीचड़

प्रदेश में पिछले 3-4 दिनों से मौसम खुश्क बना हुआ है। दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। प्रदेश में कई जगह हल्की व मध्यम धुंध भी देखी गई है। सोमवार को प्रदेश में दिन का तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, वहीं रात्रि तापमान 9 से 14 डिग्री सेल्सियस चल रहा है जोकि सामान्य से अधिक है। अगले 4-5 दिनों तक यानि 28 फरवरी तक मौसम आमतौर पर खुश्क रहेगा। 28 फरवरी को आंशिक बादलवाही छाई रह सकती है। इसके बाद दिन के तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आएगी।

- डॉ. मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, मौसम विज्ञान विभाग, एचएयू हिसार

# लिव इन पार्टनर पर ट्रक चढ़वाने वाली आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सीवन क्षेत्र में एक व्यक्ति को षड्यंत्र के तहत ट्रक से कुचलकर जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। इस मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एएसआई जगबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए महिला आरोपी गांव रायचंदवाला जिला जींद निवासी नीलम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पेगा निवासी किरपाल की शिकायत के अनुसार, वह राजौंद में शराब के ठेके पर करिंदे का काम करता है। उसकी एक महिला नीलम के साथ दोस्ती थी और दोनों राजौंद में किराये के कमरे में लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। कुछ समय से नीलम की बातचीत गांव कलोदा जिला जींद निवासी परविन्द्र से होने लगी थी। घटना से दो-तीन दिन पहले नीलम उसे छोड़कर परविन्द्र के पास चली गई। इसके बाद 17 फरवरी की रात वह परविन्द्र और नीलम की तलाश में ट्रांसपोर्ट नगर कैथल पहुंचा, जहां ट्रक में दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखा। उसे देखते ही वे ट्रक लेकर फरार हो गए। 18 फरवरी की सुबह करीब 3:15 बजे खानपुर बस अड्डे के पास जब उसने दोबारा ट्रक के पास जाकर आवाज लगाई तो अजय और नीलम ने परविन्द्र को उकसाया। शिकायत के अनुसार, इसके बाद परविन्द्र ने ट्रक का अगला टायर उसकी टांगों, पसलियों और बाजुओं पर चढ़ा दिया और तीनों मौके से फरार हो गए। वहीं, आरोपी नीलम को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एआई समिट में विरोध पर अकादमिक जगत की कड़ी प्रतिक्रिया

# कांग्रेस के प्रदर्शन पर 160 शिक्षाविदों ने जताई आपत्ति

शिक्षाविदों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा किया गया यह विरोध इस बात को दर्शाता है कि विपक्ष लोकतांत्रिक असहमति और वैश्विक मंच पर राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा के बीच अंतर करने में विफल रहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई इंपैक्ट समिट के दौरान हुए 20 फरवरी को हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर देश के 160 प्रमुख शिक्षाविदों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को 'गंभीर रूप से खेदजनक और गलत सोच पर आधारित' बताया है। शिक्षाविदों ने एक बयान में कहा कि इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा किया गया यह विरोध इस बात को दर्शाता है कि विपक्ष लोकतांत्रिक असहमति और वैश्विक मंच पर राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा के बीच अंतर करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विरोध, जो राहुल गांधी से जुड़ा बताया गया, ऐसे समय हुआ जब दुनिया भर के निवेशक और तकनीकी क्षेत्र के नेता भारत को एआई और उन्नत तकनीकों में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देख रहे थे।

**राहुल देश की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को कमजोर कर रहे**

मंच को राजनीति प्रदर्शन का माध्यम बनाना बेहद गंभीर

## नेता प्रतिपक्ष ने संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं निभाई



समिट के दौरान युवा कांग्रेसियों का प्रदर्शन फाइल फोटो

बयान में कहा गया कि एक सांसद के रूप में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की यह संवैधानिक जिम्मेदारी होती है कि वह रचनात्मक आलोचना और ऐसे कदमों के बीच अंतर करे, जो अनजाने में देश की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को कमजोर कर सकते हैं। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति संतिश्री धुलिपुडी पंडित, आईआईटी रुड़की, आईआईटी धारवाड़ और आईआईटी जोधपुर के निदेशक समेत कई विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रोफेसर शामिल हैं।

### भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया

शिक्षाविदों ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और सभ्यतागत क्षण था, जहां देश ने खुद को चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में एक सक्षम और संप्रभु तकनीकी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। ऐसे मंच को राजनीतिक प्रदर्शन का माध्यम बनाना गंभीर निर्णयहीनता को दर्शाता है।

# वर्ष 2018 से पूर्व के अधिग्रहण मामले मुआवजे के लिए पुनः नहीं खोले जा सकतेः न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मौखिक टिप्पणी की कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई थी, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने के लिए 2018 से पहले के भूमि अधिग्रहण मामलों को फिर से नहीं खोला जा सकता। यह टिप्पणी भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की विशेष पीठ ने एनएचएआई की उस याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई शुरू करते समय की जिसमें एनएचएआई ने न्यायालय के 2019 के फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने 2019 में कहा था कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने का फैसला पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा।



एनएचएआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2019 के फैसले से भारी वित्तीय बोझ (लगभग 32,000 करोड़ रुपये) पड़ेगा और यह केवल भावी प्रभाव से लागू होना चाहिए। पीठ ने पहले इसे खारिज करते हुए कहा था कि ऐसे लाभ से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करता है। मेहता ने कहा, ''शायद आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि यह 100 करोड़ रुपये की रकम थी।'' उन्होंने कहा कि एक अन्य फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा है कि निपटाए गए किसी भी मामले को दोबारा नहीं खोला जाएगा।

## प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र, कहा

# सोनार बंगाल का सपना देखने वाले दुखी मोदी ने 'एबार भाजपा सरकार' का दिया नारा

पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखा है। उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है। पीएम मोदी ने लिखा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है। पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प। पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

## युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूत, माताएं और बहनें असुरक्षित

बंगाल वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा



**'जय मां काली' से पत्र की शुरूआत की**

### केंद्र की योजनाओं का दिया हवाला

पीएम ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला।

### राज्य की जर्जर हालत देख मन व्यथित

पीएम मोदी ने लिखा कि इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता। एक तरफ, रोजगार के अभाव में युवा दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल में मेरी माताएं और बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं।

**अराजकता के अंधेरे में डूबा बंगालः** पीएम ने लिखा कि स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

**अब परिवर्तन अनिवार्यः** पीएम ने लिखा कि लेकिन कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे? अब परिवर्तन अनिवार्य है। देश के कई राज्यों में आज जीवन स्तर बेहतर हुआ है, गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। 'आयुष्मान भारत' से स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है।

**ममता का आखिरी चुनावः शाहः** पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने दावा किया है कि बंगाल में इस बार परिवर्तन तय है और भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सीएम ममता बेनर्जी इस विधानसभा चुनाव में साफ होने वाली हैं। उनके राजनीतिक जीवन का आखिरी चुनाव साबित होगा और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

**भाजपा सांसद को बंगाल के सर्वोच्च सम्मान से नवाजाः** ममता बेनर्जी ने पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा के हिस्से से राजवंशी समुदाय का वोट झटकने के लिए पासा फेंक दिया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज को बंगाल का सर्वोच्च सम्मान दिया जाना ममता बेनर्जी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अनंत महाराज को भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख ममता बनर्जी ने भी उनको अपने पाले में लाने के लिए प्रयास बढ़ा दिए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामाः मरीजों की सुरक्षा पर दिया ये तर्क

# डॉक्टरों की योग्यता को तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

यह सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता तय नहीं करता, बल्कि सीमित पीजी सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची बनाता है। खाली सीटों को भरने के लिए कटऑफ घटाया गया है और इससे शैक्षणिक मानकों से कोई समझौता नहीं हुआ। नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लीनिकल क्षमता का प्रमाणन नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है।



न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है। सरकार ने अदालत से कहा कि यह नीतिगत निर्णय है और जब तक यह स्पष्ट रूप से मनमाना या असंवैधानिक न हो, तब तक न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित होता है। हलफनामे में यह भी कहा गया कि पीजी सीटों पर भारी सार्वजनिक निवेश होता है। इन्हें खाली छोड़ना संसाधनों और प्रशिक्षण क्षमता की बर्बादी होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ेगा।

## मेटा यूजर्स की बिना मर्जी के शेयर नहीं करेगा डाटा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद मेटा और व्हाट्सएप ने यूजर्स के डेटा शेयरिंग नियमों में बदलाव का एलान किया है। सुनवाई के दौरान दोनों कंपनियों ने कहा कि वे सीसीआई और एनसीएलएटी के निर्देशों के अनुसार, अब यूजर्स की मर्जी के बिना कोई डेटा विज्ञापन या अन्य उद्देश्यों के लिए साझा नहीं करेंगे। अदालत ने डिजिटल रूप से निर्भर और अनजान साइलेंट कस्टमर्स की सुरक्षा को महत्व देते हुए कंपनियों को स्पष्ट चेतावनी दी थी कि प्राइवेसी अधिकार के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल थे। ये अपीलें दोनों टेक कंपनियों ने एनसीएलएटी के दिसंबर 2025 के आदेश के खिलाफ दाखिल की थीं। कोर्ट ने नोट किया कि वरिष्ठ वकील कपिल सिबल ने व्हाट्सएप की ओर से कहा कि दोनों कंपनियां 16 मार्च तक ट्रिब्यूनल के निर्देशों को लागू कर देंगी।

## त्योहारों में हवाई किराया बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को त्योहारों और इमरजेंसी हालातों में प्राइवेट एयरलाइंस के हवाई किराए बढ़ाने को लेकर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत गंभीर चिंता का विषय है। वरना, हम 32 पिटीशन पर विचार नहीं करते। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री इस मुद्दे पर विचार कर रही है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार और डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को विचार करने और जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। यह मामला एक जनहित याचिका (पीआईएल) से जुड़ा है, जिसमें प्राइवेट एयरलाइंस के त्योहारों के समय अचानक किराया बढ़ाने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने पर कंट्रोल के लिए नियम बनाने की मांग की गई है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने अदालत को बताया कि यह मामला आम जनता के हित से जुड़ा है।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
DATA FOR DEVELOPMENT




जीडीपी आधार वर्ष को 2022-23 में अपडेट करना:
• नए डेटा स्रोतों को शामिल करना • बेहतर कार्यप्रणाली • बेहतर डेटा आधारित निर्णय लेने के लिए
जारी करने की तारीख: 27 फरवरी 2026
जब एनएसओ के सर्वेक्षक सर्वेक्षण के लिए आएं तो कृपया उनके साथ सहयोग करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।
CBC 39101/13/0010/2526
mospi.gov.in @GoIStats /goistats GoIStats Ministry of Statistics & PI

## चिंतन

# बैंक निगरानी प्रणाली को और सख्त बनाएं

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में सामने आया 590 करोड़ रुपये का घोटाला केवल एक बैंक या एक शाखा की चूक भर नहीं है, बल्कि यह पूरे बैंकिंग तंत्र की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बैंक का यह कहना कि मामला एक ही ब्रांच तक सीमित है, आश्वस्त करने वाला अवश्य है, परंतु यह पर्याप्त नहीं। वित्तीय व्यवस्था भरोसे पर टिकी होती है, और जब उसी भरोसे में दरार पड़ती है तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है। घोटाले के खुलासे के बाद बैंक के शेयरों में लगभग 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट बताई जा रही है। बाजार पूंजीकरण में 14,438 करोड़ रुपये की कमी इस बात का संकेत है कि निवेशकों का विश्वास किस तेजी से डगमगा सकता है। बैंक के अनुसार, चंडीगढ़ शाखा के कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में बिना अनुमति लेन-देन किया, जिससे 590 करोड़ रुपये की जमा राशि में गड़बड़ी सामने आई। यह मामला तब उजागर हुआ जब 18 फरवरी 2026 को सरकार की संस्थाओं ने खातों में वास्तविक शेष राशि और दावा की गई राशि के बीच अंतर पाया। सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम का हेरफेर लंबे समय तक कैसे चलता रहा और आंतरिक ऑडिट या निगरानी प्रणाली को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि केवल नियमों का होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी अधिक महत्वपूर्ण है। आज बैंकिंग प्रणाली में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, डिजिटल ट्रैकिंग, ऑडिट ट्रेल और जोखिम प्रबंधन जैसी कई परतें मौजूद हैं। फिर भी यदि कर्मचारियों की मिलीभगत से इतनी बड़ी राशि का दुरुपयोग हो सकता है, तो यह 'इनसाइडर रिस्क' की गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जांच के आदेश देते हुए कहा है कि सरकार ब्याज सहित पूरी राशि अधिकृत बैंक में स्थानांतरित करेगी। मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सतर्कता विभाग को सौंपा गया है। यह कदम स्वागतयोग्य है, परंतु राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर संस्थागत सुधार की आवश्यकता है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। बैंकों में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त किया जाए। एआई आधारित 'रियल टाइम ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग' सिस्टम लागू किए जाएं, जो असामान्य गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट जारी करें। कर्मचारियों के लिए सख्त 'रोटेशन पॉलिसी' लागू की जाए। एक ही शाखा या विभाग में लंबे समय तक तैनाती से जोखिम बढ़ता है। नियमित अंतराल पर स्थानांतरण और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन से मिलीभगत की संभावनाएं कम की जा सकती हैं। नियामक संस्थाओं द्वारा आकस्मिक निरीक्षण (सप्राइज ऑडिट) की आवृत्ति बढ़ाई जानी चाहिए। केवल वार्षिक या तिमाही ऑडिट पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, व्हिसलब्लोअर तंत्र को और मजबूत बनाया जाए, ताकि ईमानदार कर्मचारी बिना किसी भय के संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकें। बैंकिंग व्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सरकारी खातों तक में इस तरह की अनियमितता संभव है, तो आम खाताधारकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता स्वाभाविक है। साथ ही, तकनीकी उन्नयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देकर ही भविष्य में ऐसे घोटालों पर प्रभावी लगाम लगाई जा सकती है।



विरोध
उमेश चतुर्वेदी

# नग्न प्रदर्शन से साख पर सवाल

स्वाधीनता आंदोलन और उसके पहले विरोधी आंदोलन चलाने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इसलिए लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व इसके लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसके विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। वह मोदी के बरअक्स लड़ाई में किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती।

विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधियों के सामने देश को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी कांग्रेस को उपदेश ही दिया कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फरवरी को युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों व मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज पीएम के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।



भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरअक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरअक्स लड़ाई में वह किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोधी कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरअक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम का असर दिल्ली के साथ गुड़गांव व नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो ये चाहिए था कि कांग्रेस के प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। पर ऐसा नहीं हुआ। वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुद्दे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पहल

डॉ. मोनिका शर्मा



# स्कूलों में फोन पर रोक बच्चों की बेहतरी से जुड़ा कदम

हाल में ही हिमाचल प्रदेश में बच्चों के स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का सार्थक फैसला किया गया। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए यह आवश्यक कदम उठाया है। जिसके तहत 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बच्चों को स्कूल परिसर में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं इस निर्णय को सख्ती से लागू करने के लिए जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसीलिए किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल फोन मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने और मोबाइल जब्त किए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता को भी स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और बेहतर स्कूलों में बेहतर परिवेश बनाने से जुड़ी इस कवायद को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जल्दी ही मानक प्रक्रिया तैयार की जाएगी। मौजूदा समय में बच्चों को हर ओर से तकनीकी गैजेट्स ने घेर लिया है। घर का आंगन हो या स्कूल परिसर। खेल का मैदान हो या सहज सामाजिक आयोजन। बच्चे हर समय स्क्रीन के संसार में गुम रहते हैं। जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों, अवसाद और अकेलेपन का भी शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन खेलों के चैलेंज पूरे करने के फेर में जीवन से हार रहे हैं। पढ़ाई में पीछे हो रहे हैं। मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अति अकादमिक मोर्चे पर बच्चों के प्रदर्शन में आ रही गिरावट की बड़ी वजह बन गई है। ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों के चलते बच्चे बार-बार स्क्रीन खंगालते हैं। कुछ समय पहले आई यूनेस्को की 'टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ रहा है। यूनेस्को की इस रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखने रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों का समय ही नहीं लील रहा उनकी सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों के दिलों दिमाग को बांधती स्क्रीन की दुनिया उनका जीवन तक छीन रही है। ऐसे मामले भी सामने आए है कि फोन छोड़ने की और डांटने-डपटने से बच्चों ने सुसाइड जैसे कदम उठा लिया। बीते दिनों गाजियाबाद में ऑनलाइन गेम कोरियन लवर के जाल में फंसकर तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर 6वीं कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे का आत्महत्या की थी। इन्हीं दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछड़ने की पीड़ा के चलते जीवन का साथ छोड़ दिया। एक ओर ऑनलाइन गेम की लत अपराध और अवसाद की ओर धकेल रही है तो दूसरी ओर बच्चों का व्यक्तित्व ही कई तरह के डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। हर वक्त स्क्रीन में आंखें गड़ाये रखना सिरदर्द, गर्दन और कंधे का दर्द, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी व्यवहारगत तकलीफों का भी कारण है। इसीलिए घर हो या स्कूल, फोन के इस्तेमाल की समय सीमा तय करना आवश्यक है। स्पष्ट है कि बच्चों का जीवन सहेजने और बालमन को सार्थक दिशा देने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और सरकारी नियम-कायदों की एक साझी रूपरेखा आवश्यक है। इसके लिए मोबाइल फोन के सार्थक और संयमित उपयोग करने का पाठ पढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। थोड़ी सख्ती और सहज समझाइश का मेल इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। मोबाइल के उपयोग के मामले में बच्चों को अनुशासित बनाने के लिए हर समय मोबाइल साथ न रखने का नियम एक सार्थक कदम है। अभिभावकों का साथ मिलने पर यह मुहिम और प्रभावी बन सकती है। समझना आवश्यक है कि घर-परिवार और स्कूल परिसर के सधे नियम ही नयी पीढ़ी को स्क्रीन में समाये वर्चुअल संसार के बजाय वास्तविक जीवन से जोड़ सकते हैं। सामाजिक मेलजोल में रुचि जगा सकते हैं। शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकते हैं। पढ़ाई के मोर्चे पर फोकस्ड रख सकते हैं। ऐसे में हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों की बेहतरी की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम वाकई सराहनीय है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
**दर्शन**

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

# कन्हाई तुम आ ही गए न?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है, लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों को न दें मोबाइल और वाहन

सातवीं कक्षा की एक छात्रा स्कूटी पर अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर आ रही थी। वापसी में एक वाहन से टकराने से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। यह छात्रा रोज स्कूटी पर ही जाती थी। क्या इसे कभी किसी ने रास्ते में चैक नहीं किया। माता-पिता भी दोषी हैं, जो बच्चों को वाहन-फोन देकर उन्हें रोगों व मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों को तीन साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए न तो मोबाइल ठीक है, और न ही वाहन। कई अन्य शहरों में भी इस तरह के हादसे हो रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए बच्चों को मोबाइल और वाहन नहीं दिए जाने चाहिए। **-प्रभुनाथ सिंह, रायपुर**

## ट्रेंड

### हमेशा याद किए जाएंगे रॉय



पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय के निधन से दुःख हुआ। उन्हें अपने राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे बंगाल के बहुत अनुभवी नेता थे। उनके परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### इंडी का नेतृत्व छोड़ें राहुल



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन का 'आई', 'एन', 'डी', 'आई', 'ए' खत्म हो जाएगा, क्योंकि वे इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। **-मणिशंकर अय्यर,** कांग्रेस नेता

### इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा हो



कोई यह नहीं कह सकता कि मणिशंकर अय्यर को अपनी राय देने का हक नहीं है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए। राहुल ने भाजपा व सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। **-उमर अब्दुल्ला,** मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर

### एआई से पेशेवरों की मांग बढ़ेगी



एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है। **-ब्रैड स्मिथ,** अध्यक्ष, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, उड़ान टली

नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की। प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने एक बयान में कहा, समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के 'व्हीकल असेंबली बिल्डिंग' में वापस ले जाना आवश्यक है।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

## खबर संक्षेप




### आईजीपीएल देगा 10 करोड़ डॉलर की फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने देश भर के 10 फ्रेंचाइजी साझेदारों से 10 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक निवेशक ने 10 साल की अवधि में लगभग एक करोड़ डॉलर देने का वादा किया। यह खेल को पेशेवर बनाने और इसके विस्तार के लिए लंबे समय तक चलने वाले प्रयास का संकेत है। आईजीपीएल ने पिछले साल अपना पहला पेशेवर टूर आयोजित किया था जिसमें 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 54 होल की मिश्रित स्पर्धाएं कट रहित प्रारुप में खेली गईं। प्रत्येक टूर्नामेंट की इनामी राशि डेढ़ करोड़ रुपए थी। इस टूर में भारत, दुबई और कोलंबो में प्रतियोगिताएं हुईं थीं। आईजीपीएल ने पिछले साल जुलाई में एक शहर आधारित फ्रेंचाइजी लीग की योजना की घोषणा की थी, जो शुरू में जनवरी-फरवरी के लिए तय थी।

### भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

**अहमदाबाद।** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं



का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए। गावस्कर ने कहा, ' भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरुरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ।'

### वरुण पर दबाव बनाने के इरादे से उतरा था: मिलर

**अहमदाबाद।** भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम की रणनीति के बारे में आक्रामक



बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि इसके लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरुरत थी। मिलर ने कहा,' मुझे लगता है कि यह पक्का करने के बारे में है कि अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।' उन्होंने कहा,' एक बार फिर हमें लगा कि उस पर दबाव बनाना जरूरी है क्योंकि वह हर विरोधी टीम के लिये खतरा साबित होता है। हमने इस पर बात की थी।' अपनी पारी के बारे में मिलर ने कहा कि उन्होंने 'बेसिक्स' पर अमल किया, जिससे अब तक उन्हें सफलता मिलती आई है।
उन्होंने कहा,' यह सुनिश्चित करना था कि आप सरल चीजों पर और अपनी तैयारियों के बेसिक्स पर अडिग रहें।

### जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत, तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट



में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। वह अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। महिला एकल विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।

# सुपर-8 में आज इंग्लैंड और पाकिस्तान का आमना-सामना, स्पिनरों पर रहेगा फोकस

एजेंसी ▶▶ पाल्लेकल

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो बार की चैंपियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरुप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरुरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।




### साल्ट फॉर्म में लौटे

सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट श्रीलंका के खिलाफ उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं। टूर्नामेंट में पहली बार उन्होंने पावरप्ले के बाद तक बल्लेबाजी की। जोस बटलर का फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है लेकिन उन्हें कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन हासिल है। इंग्लैंड ने इस महीने की शुरुआत में इस मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 3-0 से जीती थी। ब्रूक ने श्रीलंका को हराने के बाद कहा,' अभी तक हम बल्लेबाजी में परफेक्ट खेल नहीं दिखा सके हैं। हमें अच्छी शुरुआत और बड़े स्कोर नहीं मिले। मुझे लगता है कि बहुत जल्दी वह होगा। जोस बटलर, जैकब बेथेल और मैं खुद बड़े स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन इसके बावजूद हम जीतने में कामयाब रहे।'

### पाकिस्तान के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया, जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे। उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है, खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

**टीमें इस प्रकार**

**इंग्लैंड** : हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बेंटोन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जैमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, जोश टंग, ल्यूक वुड

**पाकिस्तान**: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

**मैच** : शाम 7 बजे से शुरू होगा।

## हेटमायर-पॉवेल के अर्धशतक, गुडाकेश मोती को 4 विकेट

# टी-20 वर्ल्डकप: वेस्टइंडीज की सुपर-8 में पहली जीत, जिम्बाब्वे को 107 रन से हराया

### ▶▶ हेटमायर ने 19 बॉल पर फिफ्टी लगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पावेल के अर्धशतक के बाद गुडाकेश मोती और अकील हुसैन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में सोमवार को यहां जिम्बाब्वे को 107 रन से रौंद दिया। वेस्टइंडीज के 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम बाएं हाथ के स्पिनर मोती (28 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17.4 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ के स्पिनर हुसैन ने 28 रन देकर तीन जबकि मैथ्यू फोर्ड ने 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रेड इवांस ने 21 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों से सर्वाधिक 43 रन बनाए। उनके अलावा डियोन मायर्स (28) और कप्तान सिकंदर रजा (27) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। हेटमायर ने इससे पहले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 34 गेंद में सात छक्कों और इतने ही चौकों से 85 रन की पारी खेलने के अलावा रोवमैन पावेल (59 रन, 35 गेंद, चार चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 122 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 254 रन तक पहुंचाया जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 13 गेंद में दो छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 31 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिम्बाब्वे की ओर से रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने क्रमशः 47 और 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। रजा ने तीन ओवर में 52 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और टीम ने 20 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवाए। ताडिवनाशे मरुमानी (14) ने मैथ्यू फोर्ड की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर हेटमायर को कैच थमाया जबकि अगले ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (05) को बोल्ड करने के बाद रेयान बर्ल को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा।

**वेस्टइंडीज अंकतालिका में टॉप पर पहुंची**
●
**टीम इंडिया का काम किया खराब**




**वेस्टइंडीज-254/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ब्रेंडन का मुसेकिवा बो नगारवा | 09 |
| शाई होप का बेनेट बो इवान्स | 14 |
| शिमरोन का बेनेट बो क्रेमर | 85 |
| पावेल का मुसेकिवा बो मुजरबानी | 59 |
| शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 31 |
| रोमारियो का बर्ल बो नगारवा | 21 |
| होल्डर का मुनयोंगा बो मुजरबानी | 13 |
| मैथ्यू फोर्डे नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 21
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 254 रन
गेंदबाजी: नगारवा 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-42-2, इवान्स 4-0-46-1, क्रेमर 4-0-38-1, रजा 3-0-52-0, मायर्स 1-0-19-0

**जिम्बाब्वे-147/10 (17.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मरुमानी का हेटमायर बो फोर्डे | 14 |
| ब्रायन बेनेट बो हुसैन | 05 |
| डियोन मायर्स बो मोती | 28 |
| रेयान का हेटमायर बो हुसैन | 00 |
| सिकंदर रजा बो मोती | 27 |
| टोनी का जोसेफ बो मोती | 14 |
| ताशिंगा मुसेकिवा बो मोती | 00 |
| ब्रेड इवान्स का हुसैन बो फोर्ड | 43 |
| ग्रीम क्रेमर का एवं बो होल्डर | 00 |
| ब्लेसिंग का जोसेफ बो हुसैन | 00 |
| रिचर्ड नगारवा नाबाद | 07 |

अतिरिक्त:09
कुल: 17.4 ओवर में सभी विकेट खोकर: 147
गेंदबाजी: हुसैन 4-1-28-3, फोर्ड 3.4-0-27-2, मोती 4-1-28-4, जोसेफ 3-0-35-0, होल्डर 3-0-25-1

## एलिसी खेलेंगी आखिरी वनडे सीरीज बेथ मूनी होंगी नई विकेटकीपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली भारतीय टीम के खिलाफ अपनी आखिरी वनडे सीरीज खेलने के लिए तैयार हैं। एलिसी हीली की जगह अब बेथ मूनी को ऑस्ट्रेलिया टीम की नई फुल-टाइम विकेटकीपर नियुक्त किया गया है।

35 वर्षीय हीली मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में होने वाले पहले वनडे में टीम की कप्तानी करेंगी। यह मुकाबला उनके दो सप्ताह लंबे विदाई दौरे की शुरुआत होगा, जिसमें होबार्ट में दो और वनडे और अगले महीने पर्थ के वाका में एक टेस्ट खेला जाएगा।



### सभी फॉर्मेट में किए 275 शिकार

टेस्ट के साथ हीली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। हीली 2014 से ऑस्ट्रेलिया की पहली पसंद की विकेटकीपर रही हैं और उन्होंने सभी फॉर्मेट में रिकॉर्ड 275 शिकार किए हैं। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है।

### मूनी पहले भी कर चुकी हैं विकेटकीपिंग

मूनी को लंबे समय से भविष्य की नियमित विकेटकीपर माना जा रहा था, लेकिन टीम प्रबंधन ने इस होम समर में ही उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी। माना जा रहा है कि टी20 सीरीज में लगातार कीपिंग करने और पिछले एक साल में विकेटकीपिंग में आए सुधार ने उन्हें यह मौका दिलाया। हीली की गैरमौजूदगी में मूनी पहले भी 28 बार पर विकेटकीपिंग कर चुकी हैं। सीरीज से पहले मूनी ने कहा कि फुल-टाइम जिम्मेदारी मिलने से उनकी तैयारी बेहतर होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि अलग-अलग फील्डिंग पोजीशन और कीपिंग के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब स्पष्ट भूमिका मिलने से उन्हें फायदा होगा। ऑस्ट्रेलिया का अगला कार्यक्रम वेस्टइंडीज का मल्टी-फॉर्मेट दौरा और जून में इंग्लैंड में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप है। ऐसे में मूनी का स्थायी विकेटकीपर बनना टीम की निरंतरता और भविष्य की योजनाओं के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

## कर्नाटक के खिलाफ जम्मू कश्मीर को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ हुब्बली

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू कश्मीर की कहानी लगन और जुझारुपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिए इस छिपी रुस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय-समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग-अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### कर्नाटक के बल्लेबाजों ने लिखी कामयाबी की कहानी

राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरुआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है, जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिए विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल 46 विकेट लेने के अलावा 442 रन बना चुके हैं।

### जम्मू-कश्मीर पहली बार खेलेगी फाइनल

जम्मू-कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिए हैं और यहां पर भी पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। बंगाल और मध्यप्रदेश जैसे दिग्गजों को हराने वाली जम्मू कश्मीर टीम के पास पारस डोगरा जैसा अनुभवी कप्तान है। मुख्य कोच अजय शर्मा और 41 वर्ष के डोगरा को खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के खुलकर खेलने का गुरुमंत्र देना होगा। जम्मू कश्मीर के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभम खजूरिया और बाएं हाथ के स्पिनर वंशराज शर्मा को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगने के बाद मेडिकल सहायता लेनी पड़ी। खजूरिया को पीठ में तकलीफ थी जबकि वंशराज के टखने में चोट लगी थी। उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाया गया।

## आईएसएल : बराबरी पर खत्म हुआ बेंगलुरु और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड का मुकाबला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। बेंगलुरु एफसी ने पहले हाफ में ब्रायन सांचेज के 18वें मिनट के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने दूसरे हाफ में लालरिंजुआला के 68वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के शुरुआती दबाव के बावजूद पहला गोल बेंगलुरु ने किया। अशिक कुरुनियां ने ब्रायन को बाएं किनारे से पास दिया और अर्जेंटीनी खिलाड़ी ने दाएं पैर से गोल कर टीम का खाता खोला। मैच के 64वें मिनट में मैदान पर आये लालरिंजुआला ने तुरंत प्रभाव दिखाया। इस स्थानापन्न खिलाड़ी ने 68वें मिनट में अशीर से गेंद लेकर शानदार नियंत्रण बनाया और गुरप्रीत के ऊपर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मैच का निर्णायक गोल नहीं होने के कारण मुकाबला रोमांचक अंदाज में बराबरी पर समाप्त हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया 8 साल बाद करेगा साउथ अफ्रीका का दौरा, शेड्यूल का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 8 आठ साल बाद साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाएगी। साल 2026 के अंत में उसका दौरा होगा। इसमें तीन वनडे और इतने ही टेस्ट खेले जाने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका का दौरा किया था। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने अपना 2026-27 का शेड्यूल जारी किया। इसमें बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। इसके तहत पहले तीन वनडे खेले जाएंगे, जो डरबन, जोहानिसबर्ग और पॉचेफ्स्ट्रूम में होंगे। यह सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद अक्टूबर में टेस्ट सीरीज होनी है। ये मुकाबले डरबन, गबेरहा और केप टाउन में होंगे। वनडे और टेस्ट सीरीज के बीच में ऑस्ट्रेलियाई टीम एक वॉर्म अप मुकाबला भी खेलेगी।




### ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे जाएगी

समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका जाने से पहले जिम्बाब्वे जाएगी। वहां पर वनडे मुकाबले खेलेगी। अभी यह तय नहीं है कि कितने मैच होंगे और कहां खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम अगस्त में बांग्लादेश टीम की मेजबानी करेगी। साउथ अफ्रीकी टीम साल के आखिर में बांग्लादेश और इंग्लैंड के साथ भी घर पर टेस्ट खेलेगी।

## वनडे सीरीज: भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला मैच आज सुबह 9.20 से

# ऑस्ट्रेलिया को फिर चित करने की तैयारी में भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

टी20 श्रृंखला जीत चुकी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था।

यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारुप से विदा लेने जा रही हैं। भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती, जो पिछले एक दशक में इस प्रारुप में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं।




### प्रतिका वनडे टीम में शामिल

भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरुंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं। टखने की चोट से उबरी प्रतिका को बाद में वनडे टीम में शामिल किया गया। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 में 82 रन बनाए और वह इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। मंधाना ने कहा,' आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना खास है। हम विश्व क्रिकेट में दबदबा बनाना चाहते हैं लिहाजा किसे कराते हैं और कहां हराते हैं, यह मायने नहीं रखता। हमें बस लगातार जीतना है और शीर्ष पर रहना है।' जेमिमा रौड्रिग्स भी अच्छी लय में हैं, जिन्होंने तीसरे टी20 में 59 रन बनाए थे। कप्तान हरमनप्रीत कौर को पहले टी20 में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन दूसरे में उन्होंने 36 और तीसरे में नाबाद दो रन बनाए थे।

### दीप्ति के फॉर्म में लौटने की उम्मीद

गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और श्रीचरणी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा से फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलियाई टीम में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एलिसे पैरी, एशले गार्डनर, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, हीली और किंग से प्रेरणा लेकर वे वापसी की कोशिश करेंगे। दूसरा मैच 27 फरवरी को और तीसरा 1 मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**आस्ट्रेलिया** : एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

मैच सुबह 9.20 से शुरू होगा।




## खबर संक्षेप

### नेपाल में धार्मिक स्थल पर बवाल, कर्फ्यू

**काठमांडु।** नेपाल के सीमावर्ती शहर वीरगंज में रविवार देर शाम दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प और



पथराव के बाद स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए परसा जिला प्रशासन ने सोमवार सुबह 9:45 बजे से अगले आदेश तक वीरगंज महानगर क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नेपाल पुलिस के साथ-साथ नेपाल सेना और आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) को सड़कों पर तैनात किया गया है। धार्मिक स्थल के पास विवाद से रविवार को भड़की हिंसा में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे।

### सेना ने 7 आतंकियों को किया ढेर, आतंकी सैफुल्लाह का हुआ अंत

**जम्मू।** भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर 7 आतंकियों की फोटो पोस्ट की और लिखा है कि 326 दिन के बाद किश्तवाड़ से आतंक के नेटवर्क का खात्मा कर दिया गया है। पोस्ट में कहा गया है कि इन आतंकियों में जैश का कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया है। सैफुल्लाह किश्तवाड़ में आतंक का सरगना था। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि किश्तवाड़ में उनके अलावा जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ समेत सेना की इंटेलीजेंस एजेंसी भी शामिल रहीं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 3 आतंकी मारे गए थे।

### हमले में अर्द्धसैनिक बल के पांच जवान घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अर्द्धसैनिक बल फेडरल कांस्टेबुलरी (एफसी) के



मुख्यालय पर क्वाडकॉप्टर ड्रोन से किए गए हमले में एफसी के पांच जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करक जिले में स्थित एफसी मुख्यालय को निशाना बनाकर हमला किया गया था। पुलिस ने बताया कि इमारत पर हमला करने के लिए क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस पर भी गोलियां चलाईं।

किसी भी वक्त अमेरिका कर सकता बमबारी, पूरी तैयारी

# हमले को तैयार यूएस? भारतीय विदेश मंत्रालय ने नागरिकों से कहा- फटाफट ईरान से निकलें

**अमेरिका ने अपने सैनिकों के ठिकानों को कई बार बदल दिया**

*अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पा रही*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव चरम पर पहुंचता दिख रहा है। अमेरिका ने अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमानों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। हालात को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी कर अपने नागरिकों को किसी भी तरीके से तुरंत ईरान से निकलने की सलाह दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने 14 जनवरी को भी एडवाइजरी जारी कर सभी नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी थी।

विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा कि वे सावधानी बरतें, प्रदर्शन वाली जगह जानें से बचें और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहे। विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा कि नागरिक अपने यात्रा और अप्रवासन संबंधी दस्तावेज जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र आदि अपने साथ रखें। नागरिकों को भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह भी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान में रह रहे लोगों के परिजन भी दूतावास में अपने प्रियजनों के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।



एआई इमेज

## दो युद्धपोत ईरान के आसपास किए तैनात

भारत की एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत ईरान के आसपास तैनात किए हुए हैं और साथ ही अपने लड़ाकू विमानों को भी पश्चिम एशिया में तैनात किया है। ईरान भी इस स्थिति से वाकिफ है और उसने अमेरिका के पश्चिम एशिया में मौजूद सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी है।

### ईरान में प्रदर्शन तेज

वहीं नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही ईरान में शनिवार से प्रदर्शन फिर तेज हो गए। रविवार को कई छात्रों ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट और ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई संस्थानों में छात्रों की भीड़ देखी गई।

### जंग के हालात में नेतन्याहू से मिलने जा रहे हैं पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजराइल जाने वाले हैं। वो दो दिन के आधिकारिक दौरे के लिए 25 फरवरी को इजराइल पहुंचेंगे, जो 2017 की उनकी ऐतिहासिक यात्रा के बाद देश की उनकी दूसरी यात्रा होगी। ये विदेश दौरा पीएम मोदी के 2017 के ऐतिहासिक दौरे के लगभग नौ साल बाद हो रहा है, जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का इजराइल का पहला दौरा था, जिससे डिफेंस, एग्रीकल्चर, वॉटर मैनेजमेंट और इनोवेशन में रिश्ते और मजबूत हुए थे।

### हेल्पलाइन नंबर भी जारी

दूतावास ने नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह देते हुए, उनसे अपने इमिग्रेशन और ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स अपने पास रखने और किसी भी मदद के लिए इंडियन एम्बेसी से संपर्क करने को कहा है। भारतीय दूतावास ने इस संबंध में भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। फंसे हुए नागरिक इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर मदद मांग सकते हैं: +989128109115; +989128109109, +989128109102, +989932179359।

### कभी भी हमला कर सकता है अमेरिका

बता दें कि बीते महीने ईरान में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद से ही अमेरिका खामेनेई शासन को सैन्य हस्तक्षेप की धमकियां दे रहा है। बीते महीने से लेकर अब तक अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में बड़ी सैन्य तैनाती कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सप्ताह एक बार फिर यह बयान दिया है कि वह ईरान पर हमले का विचार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दोनों पक्षों के बीच परमाणु वार्ता भी जारी है। हालांकि इससे कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा है।

### अगले दौर की वार्ता गुरुवार को

इन सब के बीच ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। बद्र अल-बुसैदी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उन्हें इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि 'समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है'। ओमान ने इससे पहले जिनेवा में हुई वार्ता की भी मेजबानी की थी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया

## थाईलैंड में बंधक बने ओडिशा के श्रमिकों पर एनएचआरसी सख्त विदेश मंत्रालय से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के केंदापाड़ा जिले के छह श्रमिकों को थाईलैंड में उनके नियोक्ता द्वारा पिछले छह महीनों से बंधक बनाकर रखने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्टों के आधार पर आयोग ने मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की है। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को इन श्रमिकों का एक वीडियो संदेश सामने आया, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई। वीडियो में श्रमिकों ने दावा किया कि उन्हें एक फैक्ट्री परिसर के भीतर बंद कर रखा गया है, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है तथा न तो वेतन दिया जा रहा है और न ही पर्याप्त भोजन। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने विदेश मंत्रालय से इस संबंध में विस्तृत टिप्पणी मांगी है। मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे और यह स्पष्ट करे कि पीड़ित श्रमिकों तथा उनके परिजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

**17 फरवरी को इन श्रमिकों का एक वीडियो संदेश सामने आया**



एआई इमेज

### न वेतन न भोजन पासपोर्ट भी जब्त किया

*श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें न तो वेतन दिया गया और न ही पर्याप्त भोजन। इतना ही नहीं, नियोक्ता ने उनके पासपोर्ट भी जब्त कर लिए, जिससे वे वापस लौटने में असमर्थ हो गए। संदेश में श्रमिकों ने भारत सरकार से हस्तक्षेप कर सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि 1993 के मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वायत्त वैधानिक संस्था है, जिसे देश में मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

### रश्मिका-विजय पहुंचे उदयपुर, लेंगे सात फेरे

**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी होने जा रही है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उदयपुर से करीब 25 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच बनी आईटीसी मोमेंटोस को रश्मिका और विजय ने शादी के लिए चुना है।



अमेरिका से व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी

## बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप- कहा यूनुस ने उन्हें हटाने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में अंतरिम सरकार के पूर्व मुखिया मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने उन्हें हटाने की कोशिश की थी। शाहबुद्दीन ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को उन्होंने ही यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी और यूनुस 16 फरवरी 2026 तक वास्तविक प्रधानमंत्री की तरह काम करते रहे। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार ने दो बार उनके



मो. शाहबुद्दीन

विदेश दौरे रद्द कर दिए। एक बार कोसोवो जाने से रोका गया और दूसरी बार कतर के अमीर के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय ने यह कहकर पत्र भेज दिया कि राष्ट्रपति व्यस्त हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें चुनाव से कुछ दिन पहले किए गए बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते की जानकारी राष्ट्रपति को देना संवैधानिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन यूनुस ने ऐसा नहीं किया।

मिस्र नौसेना और भारतीय दूतावास ने किया स्वागत

## अभियानः आईएनएस सुदर्शनी का मिस्र में ऐतिहासिक आगमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का नौकायन प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी 21 फरवरी 2026 को अपने चल रहे लोकायन-26 अभियान के तहत मिस्र के सफागा पहुंचा। 16 दिनों में 1,832 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए सलालाह से सफागा तक का यह सफर चालक दल के लचीलेपन, आत्मविश्वास और सहनशक्ति का प्रतीक माना जा रहा है। पोत के आगमन पर मिस्र की नौसेना के अधिकारियों और भारतीय दूतावास के प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पोत के



कमांडिंग ऑफिसर ने रेड सी और सफागा नौसेना बेस के बेस कमांडर रियर एडमिरल रामी अहमद इस्माइल मोहम्मद से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और अंतर-संचालनीयता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बंदरगाह पर ठहराव के दौरान भारतीय नौसेना मिस्र के नौसैनिकों के साथ पेशेवर बातचीत करेगी।

## नेपाल में हादसा 18 की मौत

*नई दिल्ली। सोमवार सुबह नेपाल में भीषण हादसा हो गया। पोखरा से काठमांडू जा रही एक बस के धादिंग में त्रिशूली नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। बस सुबह करीब 1:15 बजे बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड 3 में चरौंडी के पास चिनाधारा में नदी में गिर गई। धादिंग के जिला ट्रैफिक पुलिस अफसर ने कहा कि मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। इसके साथ ही कुल 27 यात्री घायल हुए हैं। बस पृथ्वी हाईवे पर जा रही थी, तभी रात करीब 1 बजे धादिंग जिले के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका-5 में भैसेपाटी इलाके के पास वह सड़क से उतर गई। गाड़ी ढलान से करीब 300 मीटर नीचे गिर गई और नदी किनारे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिली।*

## दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**आर्मी-एयरफोर्स स्कूल को धमकी मिली, जांच में कुछ भी नहीं मिला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची थी। पूरा कैंपस खाली कराया गया। जांच में कुछ भी नहीं मिला था।

**ईमेल में लिखा था- दिल्ली बनेगा खालिस्तान**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान की धमकी दी गई थी। लिखा था कि अगले 3 दिनों के भीतर आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों पर विस्फोट हो सकते हैं।

54000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां बरामद

## दिल्ली में 9 करोड़ की ड्रग्स गोलियां जब्त तस्करों के यूके तक जुड़े तार, 5 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इंटरनेशनल ड्रग तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने 9 करोड़ रुपये कीमत की प्रतिबंधित साइकोट्रॉपिक गोलियां भी बरामद की हैं। इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के तार यूनाइटेड किंगडम तक जुड़े हुए थे और प्रतिबंधित दवाओं को लॉजिस्टिक्स कंपनियों व कूरियर सेवाओं के जरिए विदेश भेजा जाता था। डीसीपी (क्राइम ब्रांच) विक्रम सिंह ने बताया कि इस मामले की शुरुआत पिछले साल 7 अक्टूबर को हुई थी, जब पुलिस टीम ने सरिता विहार में छापेमारी कर



मोहम्मद आबिद (50) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 54000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां बरामद हुई थीं। इसके बाद प्रकरण दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई। छताछ में आबिद ने खुलासा किया कि वह गोलियां अपने रिश्तेदार जावेद खान से लेता था। जावेद को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उसने सप्लाई चेन में शामिल सुनील कुमार का नाम बताया, जो समालखा स्थित प्रह्लाद लॉजिस्टिक्स का मालिक है। 2 नवंबर को सुनील कुमार और उसी दिन विष्णु दत्त शर्मा को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में विकास सिंह उर्फ ईश्वर सिंह को भी पकड़ा गया, जबकि एक अन्य आरोपी नौशाद उर्फ बबलू को भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## कांग्रेस ने डीएमके से मांगी पवन खेड़ा के लिए राज्यसभा सीट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल की रविवार रात को डीएमके प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात हुई। पिछले कुछ दिनों में कांग्रेस और डीएमके के रिश्तों में तमिलनाडु में पावर शेयरिंग को लेकर तनाव पैदा हुआ है, लेकिन बैठक में पावर शेयरिंग के बजाय वेणुगोपाल ने राज्यसभा की सीट को लेकर बातचीत पर जोर दिया। केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के लिए राज्यसभा की सीट की मांग की। पिछले कुछ हफ्तों में कांग्रेस के कई नेताओं ने विधानसभा चुनाव के बाद बनने वाली डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में पावर शेयरिंग को लेकर आवाज उठाई है और इस संबंध में उन्होंने प्रस्ताव भी पास किया था। और मेक्सिको सिटी ले जाए जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। बयान में कहा गया कि यह राज्य फेंटानिल और अन्य मादक पदार्थों की भारी मात्रा में अमेरिका में तस्करी करने वाले गिरोह का गढ़ है।

### अमित शाह बोले - ड्राइवर ही मालिक, श्रम करने वालों को मुनाफा मिलना चाहिए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान, अमित शाह ने कहा कि जो श्रम कर रहा है, उसे ही मुनाफा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य टैक्सी के मालिक को धनी बनाना है और सारथी ही मालिक हैं। शाह ने कहा कि सारथी भारत टैक्सी के मालिक हैं और मुनाफे में भी उनका हिस्सा होगा। शाह ने कहा कि भारत टैक्सी को देश की पांच बड़ी कोऑपरेटिव्स को मिलाकर खड़ा किया है। अब जैसे-जैसे सारथियों की संख्या बढ़ती जाएगी और जो भी सारथी इसमें पार्टनर बनना चाहेगा उसे 500 रुपए के शेयर लेने पर मालिकाना हक मिल जाएगा।

बीएनएस की धार के तहत चार्ज लगाए जाएं

## संबंध बनाने के बाद शादी से इनकार करना गलत, कुंडली का बहाना नहीं चलेगा : कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि विवाह का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने के बाद कुंडली मिलान न होने के कारण शादी से इनकार करने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।

बीएनएस की धारा 69 कपटपूर्ण तरीकों से यौन संबंध बनाने को अपराध की श्रेणी में रखती है। इन तरीकों में, शादी का झूठा वादा करना, नौकरी या पदोन्नति का झूठा आश्वासन देना, या अपनी पहचान छिपाना शामिल हैं। न

यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एक ऐसे व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की, जिस पर एक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में कुंडली मिलान नहीं होने के आधार पर उससे शादी से इनकार करने का आरोप है। न्यायाधीश ने पाया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को बार-बार यह आश्वासन देने पर कि उनकी शादी में कोई अड़चन नहीं है, जिसमें कुंडली मिलान भी शामिल है, एक अवधि के दौरान शारीरिक संबंध बनाये गए थे।

### यह महज रिश्ता टूटने का मामला नहीं

अदालत ने 17 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि पीड़िता द्वारा पहली शिकायत नवंबर 2025 में दायर की गई थी, लेकिन आरोपी और उसके परिवार द्वारा कथित तौर पर दिये गए विवाह के आश्वासन पर ही इसे वापस ले लिया गया था तथा बाद में कुंडली मिलान न होने के आधार पर शादी से इनकार कर दिया गया था। जनवरी 2026 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार) और बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराधों के सिलसिले में मौजूदा प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत ने कहा कि घटनाक्रम से यह महज ''रिश्ता टूटने'' का मामला नहीं है, बल्कि कुंडली मिलान पर परिवार के जोर देने की आवेदक को जानकारी रहने के बावजूद शादी का बार-बार आश्वासन दिए जाने का मामला है। न्यायाधीश ने कहा, ''इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती कि महज किसी रिश्ते के टूटने या शादी न होने के कारण आपराधिक कानून लागू नहीं हो सकता।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28